हादसा | राहगीरों ने कार का कांच फोड़कर तीन को बचाया

# गड्ढे में जा समाई कार, तीन जिंदा जले





मृतक- नगारची केलकर

मृतक- सविता, अभि केलकर



चिराग, मृतक

**नवभारत, बालाघाट।** एक चलती कार अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरी। इससे उसमें आग लग गई, जो इतनी तेजी से फैली कि अंदर बैठे लोगों को संभलने का मौका नहीं मिला। हादसे में तीन लोग जिंदा जल गए। घटना शनिवार रात 11 से 12 बजे के बीच बैहर-मलाजखंड रूट पर केवलारी चौराहे के पास की है।

मृतकों की पहचान नगारची केलकर (65 वर्ष), सविता केलकर (28 वर्ष) और अभि केलकर (3 वर्ष) के रूप में हुई है। सविता, नगारची की बहू और अभि पोता था।

वहीं कार चला रहा बेटा सीतम केलकर (3) और नगारची की पत्नी नाना बाई केलकर (6) गंभीर रूप से झुलस गए हैं। दोनों को पड़ोसी जिला गोंदिया (महाराष्ट्र) रेफर किया गया है।

जिस समय यह हादसा हुआ, उस समय कुछ लोग वहां से गुजर रहे थे। उन्होंने तुरंत कार का कांच फोड़कर तीन लोगों को बाहर निकाला। इनमें 8 साल की बच्ची पूर्वी राहांगडाले पूरी तरह सुरक्षित है। पुलिस के अनुसार, कार चालक सीतम केलकर अपने गृह ग्राम पोंडी (परसवाड़ा, बालाघाट) से पौनी (मलाजखंड) जा रहा था। पौनी में उसकी वेल्डिंग की दुकान है। वह तीन दिन पहले अपनी पत्नी और बच्चे के साथ पोंडी आया था। देर रात वह अपने माता-पिता, पत्नी, मासूम बेटे और पड़ोसी बच्ची पूर्वी के साथ अपनी ऑल्टो कार से पौनी लौट रहा था, तभी हादसा हो गया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदर्शकांत शुक्ला ने बताया कि मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए बैहर अस्पताल भेज दिया गया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। वहीं थाना प्रभारी जयंत मर्सकोले ने बताया कि यह पेट्रोल कार थी। पूरी तरह जल चुकी है। अभी इसका नंबर और मॉडल बता पाना संभव नहीं है। सूचना मिलते ही पुलिस रवाना हो गई थी, तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दे दिया था। मलाजखंड नगर पालिका से पहुंचे फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार सवार तीन लोगों की मौत हो चुकी थी। वहीं पुलिस ने ड्राइवर को झपकी आने की आशंका भी जताई है। हालांकि, चालक और उसकी मां दोनों आईसीयू में भर्ती हैं। अभी उनके बयान नहीं हुए हैं।

# विशेष सत्र में आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन विहीन होने का उठाया था मुद्दा

**प्रत्येक भवन 11 .22 लाख की लागत से बनेंगे**



**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे के अथक प्रयास से विधानसभा क्षेत्र बालाघाट अंतर्गत 12 नवीन आंगनबाड़ी केंद्र के लिये भवन की स्वीकृति मिली हैं। 12 भवन 11 लाख 22 हजार- 11 लाख 22 हजार रूपये की लागत से अर्थात 1 करोड़ 34 लाख 64 हजार रूपये की लागत से बनेगें। जानकारी के मुताबिक बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे द्वारा विशेष सत्र 17 दिसम्बर **2025** को विधानसभा के पटल पर महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया जी का ध्यान आकृष्ट करवाते हुए प्रदेश की 2532 आंगनवाड़ी केंद्र भवन विहीन है।

इनका निर्माण किया जाना जनहित में आवश्यक है इस बिंदु को ध्यान में रखते हुए माननीय महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया जी ने प्रदेश की 2532 आंगनवाड़ी भवनों की स्वीकृति प्रदान कर प्रदेश की महिलाओं,बच्चों के सपने को नई दिशा दिखाने का प्रयास किया है। माननीय विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे द्वारा निरंतर प्रदेश सरकार व महिला बाल विकास विभाग से भवन विहीन आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण की स्वीकृति कराने के लिये पत्र लिखा था। साथ ही मांग पत्र भी प्रेषित किया गया था। विगत दिवस पूर्व प्रदेश सरकार की महिला एंव बाल विकास विभाग की मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया से भोपाल बंगले पर प्रत्यक्ष भेंट भी किया गया था। इसी के चलते बालाघाट विधानसभा को टोटल 12 आंगनबाड़ी भवन की स्वीकृति प्राप्त हुई हैं।

जिसमें ग्राम पंचायत भरवेली के अंतर्गत केन्द्र **क्रमांक** 04 और ग्राम पंचायत भरवेली के केंद्र क्रमांक 7 तथा ग्राम पंचायत बघोली के केन्द्र **क्रमांक** 03 में आंगनवाडी भवन,ग्राम रानीकुठार मिनी में आंगनवाड़ी भवन,ग्राम चंद्रपुरी के सरजाटोला, रटेगांव के आवासटोला,बालाघाट नगर पालिका परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड **नंबर 08** में आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 21, प्रेम नगर के आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक **80,** आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 54, बूढ़ी के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 32, इतवारीगंज आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 41, सरस्वती नगर अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 62 को स्वीकृति प्रदाय की गई हैं। इन 12 केंद्र के लिये प्रत्येक हेतु 11 लाख 22 हजार रूपये की राशि स्वीकृत की गई हैं। इस संबंध में विधायक अनुभा मुंजारे ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र बालाघाट-लालबर्रा अंतर्गत विविध आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन नहीं होने की स्थिति में किराये के कमरे में या अन्य स्थान पर संचालित होने की जानकारी उनके संज्ञान में आयी थी। आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन हो रहा था और उसमें बच्चें आ रहे थे। लेकिन स्वंय के भवन के अभाव में कई तरह की दिक्कतें इन केंद्रों को संचालित करने में हो रही थी। इसी के चलते उन्होने भवन विहीन या किराये के भवन में संचालित हो रहे आंगनबाड़ी केंद्रों के लिये भवन की मांग की गई थी। विधायक अनुभा मुंजारे ने बताया कि आंगनबाड़ी भवन व उसके निर्माण के लिये राशि की मांग की गई थी। विगत दिवस पूर्व भोपाल प्रवास के दौरान प्रदेश सरकार की सक्रिय,सरल,सौम्य महिला एंव बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया से प्रत्यक्ष भेंट कर ज्ञापन सह मांग पत्र प्रेषित किया गया था। साथ ही भवन की आवश्यकता को लेकर मौखिक चर्चा कर स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया गया था। जिसके चलते बालाघाट विधानसभा में टोटल 12 आंगनबाड़ी भवन स्वीकृत हुये हैं। विधायक अनुभा मुंजारे ने बताया कि बालाघाट विधानसभा को 12 आंगनबाड़ी भवन की स्वीकृति प्राप्त हुई हैं।जिसमें ग्राम पंचायत भरवेली के अंतर्गत केन्द्र क्रमांक4 और ग्राम पंचायत भरवेली के केंद्र क्रमांक 7 तथा ग्राम पंचायत बघोली के केन्द्र **क्रमांक 03** में आंगनवाडी भवन,ग्राम रानीकुठार मिनी में आंगनवाड़ी भवन,ग्राम चंद्रपुरी के सरजाटोला,रटेगांव के आवासटोला,बालाघाट नगर पालिका परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड **नंबर 08** में आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 21,प्रेम नगर के आंगनवाड़ी केंद्र **क्रमांक 80,** आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 54, बूढ़ी के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 32,इतवारीगंज आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 41,सरस्वती नगर अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 62 को स्वीकृति प्रदाय की गई हैं। ये 12 आंगनबाड़ी केंद्र अर्थात प्रत्येक केंद्र 11.22 लाख-11.22 लाख रूपये की लागत से बनेगें।

## खेल में हारने के बाद जीतने की ललक के गुण ही जिंदगी के उतार चढ़ाव में साबित होते है मददगार : प्रदीप जायसवाल

**नवभारत, वारासिवनी।** ग्राम भेण्डारा में भेण्डारा प्रीमियर लीग नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट 226 मेगा फाइनल मे युवा खिलाड़ीयो के जीत,जुनून और दर्शकों के उन्माद को देखकर पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल भी बेहद प्रसन्नचित नजर आये। उदबोधन के दौरान खिलाडीयो के बडे समूह को संबोधित करते हुये उन्होने कहा की उनकी सोच के अनुरूप आज ग्रामीण स्तर पर भी क्रिकेट के भव्य रात्रिकालीन आयोजन निश्चित ही मिनी देवधर ट्राफी के रूप मे नजर आ रहे है।

मेगा फाईनल मे मुख्य अतिथि के रूप मे प्रदीप जायसवाल पूर्व मंत्री के साथ लोधी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ लोधी, सेल्वतपार सरपंच प्रतिनिधि राही पांडे,युवा आइकॉन प्रबल जायसवाल, मण्डल अध्यक्ष मिलिन्द नगपुरे, भैय्यू त्रिवेदी, टीकाराम सुलाखे,अरविंद बंसोड़, अजय बैस,सूरज नगपुरे, संगम नगपुरे आदि खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए भी नजर आये।

समापन समारोह को संबोधित करते हुये प्रदीप जायसवाल ने प्रभावी शैली में कहा की मानव जीवन और क्रिकेट के सभी पहलू एक दूसरे से मिलते हैं। जीवन के उतार चढ़ाव में खेल के अनुभव सदैव काम आते है। देवधर कप वारासिवनी में पूर्व में आये अंतरराष्ट्रीय खिलाडी गौतम गम्भीर आज टीम इंडिया के मुख्य कोच व आरपी सिंह मुख्य चयनकर्ता का दायित्व सम्भाल रहे है। साथ ही आज देवधर वारासिवनी की मुख्य टीम मे ग्रामीण क्षेत्र की खिलाडी भी शामिल होने से प्रतित हो रहा है की आने वाले दिनो मे भी ग्रामीण क्षेत्रो से हमे अच्छे खिलाडीयो की कतार मिलने जा रही है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनपद पंचायत परसवाड़ा के क्षेत्रों में बोरी बंधान कार्यक्रम



**नवभारत, परसवाड़ा।** जल संरक्षण की दिशा में जनपद पंचायत परसवाड़ा द्वारा सराहनीय पहल करते हुए ग्राम खैरलांजी और सरेखा मार्ग पर बगली पाठ स्थित बंजर नदी में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत बोरी बंधान कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी धन्नाराम उइके के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत सरेखा एवं खैरलांजी के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, उपयंत्री, जन अभियान परिषद के सदस्य तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही। लगभग 4 बोरियों की मदद से बहती हुई जलधारा को रोककर बंजर नदी में बोरी बंधान किया गया, जिससे पानी का संचय संभव हो सका।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी धन्नाराम उइके ने बताया कि यह अभियान 19 मार्च से 3 जून तक चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य नदी-नालों के बहते जल को रोककर जल स्तर बढ़ाना और गर्मी के मौसम में पशु-पक्षियों एवं वन्य जीवों के लिए पानी उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयास जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

इस अवसर पर उपयंत्री उपयंत्री कृष्ण कुमार पन्द्रे, सरपंच मंजूलता मरकाम, सरपंच कमलवती इनवाती, रोजगार सचिव परविंद पूषाम, मोबलाईजर महिमा राहंगडाले, राहुल शुक्ला, शक्ति बैस, सरोज पटले, कविता राणा, मंशाराम उईके व साथीगण व सीएल दौने, सचिव ललित कुमारे, कुलदीप तेकाम, जन अभियान परिषद से टहलसिंह पटले सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

इसी क्रम में ग्राम कोरजा के खुदराही नाले पर भी जन अभियान परिषद एवं प्रस्फुटन समिति द्वारा बोरी बंधान कर जल संरक्षण का कार्य किया गया। इस पहल में भी जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी और ग्रामीणों ने मिलकर सहभागिता निभाई।

इस प्रकार परसवाड़ा क्षेत्र में सामूहिक प्रयासों से जल संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक संदेश दिया जा रहा है।

# राजस्व संग्रहण में बालाघाट जिला प्रदेश में द्वितीय स्थान पर

**नवभारत, बालाघाट।** वित्तीय वर्ष **2025-26** में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बालाघाट जिले ने राजस्व संग्रहण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। जिले ने पूरे मध्यप्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी कार्यकुशलता का परिचय दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, वर्ष **2025-26** के लिए बालाघाट जिले को 7 करोड़ रुपए के राजस्व संग्रहण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इसके विरुद्ध 29 मार्च **2026** तक जिले में 7 करोड़ 15 लाख रुपए का राजस्व संग्रहण किया जा चुका है, जो कि निर्धारित लक्ष्य का **102** प्रतिशत है। इस शानदार उपलब्धि के साथ बालाघाट जिला प्रदेश के सभी 55 जिलों में दूसरे स्थान पर रहा है। राजस्व संग्रहण में श्योपुर जिला प्रथम तथा गुना जिला तृतीय स्थान पर रहा है।

इस सफलता का श्रेय कलेक्टर मृणाल मीना के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व को है। उनके निर्देशन में राजस्व एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने समन्वित प्रयास करते हुए लक्ष्य से अधिक उपलब्धि हासिल की है। जिले की इस उपलब्धि से प्रशासनिक कार्यप्रणाली की दक्षता एवं टीमवर्क की भावना स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है। यह उपलब्धि अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगी।

# महावीर जयंती पर दिगंबर जैन महिला मंडल द्वारा कुपोषित बच्चों को पोषण किट वितरित



**नवभारत, बालाघाट।** श्री भगवान महावीर के जन्म महोत्सव के पावन अवसर पर दिगंबर जैन महिला मंडल, बालाघाट द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग, बालाघाट ग्रामीण परियोजना के सहयोग से सराहनीय पहल करते हुए चिन्हांकित 5 कुपोषित बच्चों को पोषण किट का वितरण किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महिला मंडल की सदस्यों द्वारा श्री णमोकार महामंत्र के मंगलाचरण के साथ किया गया। इस अवसर पर भगवान महावीर के संदेशों का स्मरण करते हुए अहिंसा, जीव दया और सदाचार को दैनिक जीवन में अपनाने का संदेश दिया गया।

महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती उषा जैन एवं सचिव श्रीमती रंजू लता जैन ने बच्चों को पोषण किट वितरित किए। प्रवक्ता श्रीमती माधुरी जैन ने बताया कि यह नवाचार आधारित कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य कुपोषित बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना है। पोषण किट में मोटे अनाज से तैयार आटा, मुरमुरा, गुड़, चना, मूंगफली, सोयाबीन की बड़ी एवं केले जैसे पौष्टिक खाद्य पदार्थ शामिल किए गए। इस दौरान महावीर समिति के अध्यक्ष श्री आदित्य सेठिया, दिगंबर पंचायत कमेटी के अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र जैन एवं कोषाध्यक्ष श्री नीलेश बाकलीवाल ने भी वितरण कार्य में सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम में महिला मंडल की संरक्षिका श्रीमती सुषमा ज्योति मीना सहित सदस्य श्रीमती सुनीता जैन, प्रभा भारती, सुनीता, आभा, सरिता, अनामिका, निधि एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहीं। इस अवसर **पर 0 से 6** वर्ष के बच्चों को कुपोषण से मुक्त करने के उद्देश्य से उनकी माताओं को बच्चों की उचित देखभाल, पोषण एवं वृद्धि निगरानी के संबंध में जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में बालाघाट ग्रामीण के परियोजना अधिकारी श्री शैलेन्द्र चौकसे, पर्यवेक्षक एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। आयोजन को सफल बनाने में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य श्री शरद ज्योतिषी का विशेष सहयोग सराहनीय रहा।

# पंख संस्था के मिस एंड मिसेज वारासिवनी व डांस प्रतियोगिता, जबरदस्त उत्साह

**कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं की प्रतिभाओं, आत्मविश्वास और सशक्तिकरण को देना है बढ़ावा**



**नवभारत, वारासिवनी।** पंख संस्था बालाघाट के द्वारा मिस एंड मिसेज वारासिवनी व डांस प्रतियोगिता के भव्य आयोजन को लेकर वारासिवनी मे विशेष उत्साह देखा जा रहा है। 31 मार्च के वारासिवनी के इस आयोजन को लेकर आयोजक टीम की ओर से पूजा अग्रवाल फाउंडर, अधिवक्ता रूचि तिवारी मिडिया प्रभारी, साधना दूबे कार्यकारिणी सदस्य,लक्ष्य अग्रवाल मैनेजिंग डायरेक्टर,लक्ष्य लिमजे मैनेजिंग डायरेक्टर ने प्रेस वार्ता मे मिडिया के अनेको सवालो का जवाब देकर कार्यक्रम मे उद्वेश्यो पर प्रकाश डाला।

पूजा अग्रवाल फाउंडर ने सवालो के जवाब मे बताया की महिलाओ की प्रतिभाओ, आत्मविश्वास और सशक्तिकरण को बढावा देने के उद्वेश्य से इस कार्यक्रम को विशेष तौर पर वारासिवनी मे आयोजित किया जा रहा है। 31 मार्च मंगलवार को शाम 5 बजे से सिविल क्लब मैदान मे इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

जिसमे मुख्य अतिथी के रूप मे प्रदीप जायसवाल पूर्व मंत्री, वरिष्ठ अतिथी अजय यादव प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय पिछडा वर्ग संघ युवा मप्र, श्रीमती सरिता मनोज दांदरे नपा अध्यक्ष, सूर्यप्रकाश उके मुख्य अधिकारी नपा, राजा सोनी बीटीवी संचालक,योगेन्द्र लिमजे पार्षद, श्रेंयाश वैध, तपेश असाटी,सुभाष गुप्ता, आशीष मिश्रा आदि मंचासीन रहेगे।

अधिवक्ता रूचि तिवारी मिडिया प्रभारी ने सवालो के जवाब मे कहा की मिस एंड मिसेज वारासिवनी के लिये विशेष तौर पर प्रतिभागीयो का आडिशन लिया गया है। सिर्फ सेलेक्टेट प्रतिभागीयो को ही इसमे शामिल किया गया है। इसी तरह डांस प्रतियोगिता मे प्रदेश के चुनिंदा प्रतियोगीयो को शामिल किया जा रहा है।

आयोजन मे जज की भूमिका के लिये विशेषज्ञो को खास तौर पर वारासिवनी आमंत्रित किया गया है।

सबसे ज्यादा सुरक्षा व्यवस्था पर संस्था द्वारा ध्यान दिया जा रहा है। मिस वारासिवनी के लिये लैपटाप सहित अन्य पुरस्कार व मिसेज वारासिवनी के लिये कान्हा के रिसोर्ट मे दो दिवस व एक रात की व्यवस्था पुरस्कार के रूप मे की जावेगी। इसी तरह डांस प्रतियोगिता के लिये भी पुरस्कार रखे गये है। दूसरी ओर संस्था ने नगरवासीयो से इस निशुल्क कार्यक्रम मे अधिक से अधिक संख्या मे उपस्थिती की अपील भी की है।

## अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी

**बालाघाट।** भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के तहत विभिन्न पदों के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। इच्छुक युवा अभ्यर्थी **01 अप्रैल 2026** तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत अग्निवीर (पुरुष) जीडी, क्लर्क, एसकेटी, टेक्निकल, ट्रेड्समैन (8वीं एवं 1वीं), महिला सेना पुलिस के पदों के साथ-साथ स्थायी पदों पर नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट (वेट) एवं सिपाही फार्मा के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अभ्यर्थियों के लिए आयु सीमा 17 वर्ष 6 माह से 22 वर्ष निर्धारित की गई है। विस्तृत अधिसूचना एवं आवेदन संबंधी जानकारी भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर उपलब्ध है।

सेना में भर्ती होकर देश सेवा का सपना देखने वाले युवाओं के लिए यह सुनहरा अवसर है। इच्छुक अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि से पूर्व आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करने की सलाह दी गई है। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी सेना भर्ती कार्यालय, जबलपुर से दूरभाष नंबर 724728996 पर संपर्क कर सकते हैं।

# किशोर की सरेराह चाकू मारकर हत्या, युवक गंभीर





**नवभारत, जबलपुर।** गढ़ा थाना अंतर्गत मदन महल चौक में त्रिकोणीय प्रेम प्रसंग के चलते बदमाशों ने 16 वर्षीय किशोर की चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला कर हत्या कर दी गई। चाकूबाजी में युवक भी घायल हुआ जिसे गंभीर अस्पताल में उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी भी हालत नाजुक बताई जा रही है । वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित मौके से फरार हो गए थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौका-ए-वारदात पर पहुंची और हत्या का प्रकरण दर्ज कर तीन आरोपियों को हिरासत में ले लिया है जिनसे पूछताछ की जा रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ऋषभ राजपूत (16), निवासी सिद्धबाबा, लाल माटी घमापुर का अपनी बाइक से अपने दोस्त रितिक, अंकित के साथ छोटी लाइन से मेडिकल की ओर जा रहा था। जैसे ही वह मदनमहल क्षेत्र स्थित शुभम अस्पताल के पास पहुँचा, पहले से घात लगाए यशराज पटेल अपने दोस्त हर्ष, अंशु कोली, युवराज अपने अन्य दोस्तों के साथ बैठा था। हमलावरों ने बाइक सवार ऋषभ को रोक लिया। इससे पहले कि ऋषभ कुछ समझ पाता, बदमाशों ने उस पर चाकुओं से हमला कर दिया। हमलावरों ने उसके सीने और पेट पर कई वार किए, जिससे वह लहूलुहान हो गया । बीच बचाव कर के दौरान उसके दोस्त रितिक पर भी चाकुओं से हमला किया । वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस, एफएसएल टीम मौके पर पहुंच गई और छानबीन करते हुए हत्या का प्रकरण दर्ज कर तीन आरोपित हर्ष अंशु, यशराज, युवराज को गिरफ्तार कर लिया है ।

### खून से लथपथ ऋषभ जान बचाने दौड़ा, अस्पताल में तोड़ा दम

बताया जाता है कि हमलावरों ने ऋषभ पर ताबड़तोड़ कई वार किए गंभीर रूप से घायल युवक जान बचाकर खून से लथपथ अवस्था में दौड़ा लेकिन गंभीर चोटों के कारण वे भाग नहीं पाया और सड़क पर गिरकर बेहोश हो गया था। स्थानीय लोगों की मदद से घायल ऋषभ को तुरंत पास के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। घाव गहरे होने और अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उसकी हालत नाजुक बनी हुई थी, जिसे देखते हुए डॉक्टर ने उसे नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहाँ उपचार के दौरान ऋषभ ने दम तोड़ दिया। रितिक का इलाज जारी है जिसकी भी हालत नाजुक बताई जा रही है।

# बालाघाट की बेटी चारू राहंगडाले बनीं माइनिंग इंस्पेक्टर

**मेहनत से रचा सफलता का नया इतिहास**



**नवभारत, बालाघाट।** कहते हैं कि अगर इरादे मजबूत हों और मेहनत सच्ची हो, तो कोई भी मंजिल दूर नहीं होती। इस बात को सच कर दिखाया है बालाघाट जिले की वारासिवनी तहसील के छोटे से ग्राम सिंगोड़ी की बेटी सुश्री चारू राहंगडाले ने, जिन्होंने अपनी लगन और संघर्ष के दम पर माइनिंग इंस्पेक्टर बनकर पूरे जिले का नाम रोशन किया है।

मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित खनि निरीक्षक परीक्षा 223 में सफलता प्राप्त कर चारू ने यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उनकी पहली पदस्थापना डिंडोरी जिले में हुई है, जो उनके सपनों की उड़ान का पहला बड़ा पड़ाव है।

चारू की सफलता के पीछे उनकी स्पष्ट सोच और निरंतर प्रयास की कहानी छिपी है। उन्होंने होलकर साइंस कॉलेज से अपनी स्नातक शिक्षा पूरी की, जो देवी अहिल्याबाई विश्वविद्यालय से संबद्ध है। पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने अपने लक्ष्य को तय कर लिया था और उसी दिशा में पूरी मेहनत और समर्पण के साथ जुट गईं।

उनकी इस सफलता में उनके माता-पिता का विशेष योगदान रहा। पिता श्री टीकाराम राहंगडाले और माता श्रीमती रुपाली राहंगडाले ने हर परिस्थिति में उनका हौसला बढ़ाया और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

हाल ही में पांढुर्णा में आयोजित एक कार्यक्रम में डॉ. मोहन यादव द्वारा चारू को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। यह पल उनके जीवन का सबसे गर्वपूर्ण क्षण बन गया, जिसने उनके संघर्ष को एक नई पहचान दी।

चारू की इस उपलब्धि से ग्राम सिंगोड़ी ही नहीं, बल्कि पूरे बालाघाट जिले में खुशी और गर्व का माहौल है। उनकी सफलता आज के युवाओं, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणा बन गई है। यह कहानी सिर्फ एक उपलब्धि की नहीं, बल्कि उस विश्वास की है कि सीमित संसाधनों के बावजूद यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत निरंतर हो, तो हर सपना साकार किया जा सकता है।